**तत्काल/अतिआवश्यक/आज ही**

पत्रांकःगोप/प्रयो0/1651

दिनांकः 2-12-21

# विज्ञप्ति

मा0 परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों/विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश एवं कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति में सत्र 2020–21 के सम्बन्ध में पत्र संख्या–पी0ए0/3716 दिनांक 26.06.2021 के द्वारा निम्न दिशा–निर्देश जारी किये गये थेः–

बिन्दु संख्या–09 सम सेमेस्टर(जून 2021) एवं 2020–21 सत्र की वार्षिक परीक्षाओं में कोई भी प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित नही करायी जायेगी। लिखित/सैद्धान्तिक परीक्षा के आधार पर ही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक निर्धारित होगें।

बिन्दु संख्या–10 संस्थागत पाठ्यक्रमों में आयोजित होने वाली मौखिक परीक्षायें (Viva Voce) ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के सम्बन्ध में मा0 परीक्षा समिति के उपर्युक्त निर्णय के अनुपालन में जिन महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा सम सेमेस्टर (जून 2021) एवं 2020–21 सत्र की वार्षिक परीक्षाओं के अन्तर्गत ऑनलाईन मौखिक परीक्षायें आयोजित कर अंक पोर्टल पर अपलोड नही किये गये थे ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों को विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/1357, दिनांक 16.08.2021, गोप0/प्रयो0/1460 दिनांक 23.09.2021 तथा गोप0/प्रयो0/1627 दिनांक 23.11.2021 के द्वारा ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिन्होने मौखिक परीक्षाओं के अंक अभी तक पोर्टल पर अपलोड नही किये थे, उन सभी महाविद्यालय/संस्थान से अपेक्षा की गई थी कि मौखिक/आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न करा कर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड कर अंकपर्णों की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर प्रत्येक दशा में तत्काल उपलब्ध करा दे जिससे परीक्षाफल घोषित किया जा सके किन्तु उसके बावजूद भी दिनांक 02.12.2021 तक भी संलग्न सूची में अंकित महाविद्यालयों/संस्थानो द्वारा मौखिक/आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड नही किये गये हैं जिसके अभाव में संलग्न सूची के कालेज के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जा सका है। यह स्थिति अत्यंत ही खेदजनक है।

उल्लेखनीय है कि **विश्वविद्यालय का 33वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 23.12.2021 को आयोजित किया जाना राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नियत किया गया है जिस हेतु विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी किया जाना है तथा मेडल प्राप्त किये जाने वाले छात्र/छात्राओं की सूची तत्काल राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित की जानी है।**

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के क्रम में **संलग्न सूची में अंकित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये अपेक्षा है कि अपने कालेज से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के विषयों की मौखिक एवं आन्तरिक परीक्षा के अंक प्रत्येक दशा में 04.12.2021 तक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करा दे तथा अंकपर्णों की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर उपलब्ध करा दे** ताकि सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं का सम सेमेस्टर जून 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके। यदि ऑनलाईन पोर्टल पर मौखिक एवं आन्तरिक परीक्षा सम सेमेस्टर जून 2021 के आन्तरिक/मौखिक अंको के अभाव में संलग्न सूची के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित नही हो पाता है और कोई छात्र/छात्रा दीक्षान्त समारोह में मेडल हेतु अर्ह होने पर भी मेडल प्राप्त करने से वंचित रह जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
3. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, परीक्षा परिणाम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
5. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. आउट सोर्स कम्पनी (मास्कोट सोफ्टवैब सोलूसन प्राईवेट लि0),।

सहा0कुलसचिव(गोपनीय)